महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय

मध्यप्रदेश अधिनियम क्रमांक 37 वर्ष 1995 द्वारा स्थापित एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यू जी सी) की धारा 2(f) के अन्तर्गत सूचीबद्ध

क्रमांक: ....   दिनांक: 14/06/2019

कार्यवृत्त

महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय के **आन्तरिक गुणवत्ता सुनिश्चयन प्रकोष्ठ** की बैठक **दिनांकः 14/06/2019 दिनः शुक्रवार को अपरान्हः 2:00** बजे विश्वविद्यालय के **मुख्यालयः– ब्रह्मस्थान, करौंदी, उमरियापान, जिला–कटनी म.प्र**. में संपन्न हुई। उक्त बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित रहेः–

1. प्रो. भुवनेश शर्मा, कुलपति	–	अध्यक्ष
2. श्रीमति नमिता पाठक	–	संयोजक
3. डॉ. ओमनारायण तिवारी	–	सह–संयोजक
4. श्री बी. के. शुक्ला	–	सदस्य
5. श्री संदीप शर्मा	–	सदस्य
6. डॉ. उमाशंकर तिवारी	–	सदस्य
7. डॉ. मनीष खरे	–	सदस्य
8. डॉ. मानवेन्द्र पाण्डेय	–	सदस्य
9. श्री हरिनारायण शर्मा	–	सदस्य
10. श्री सीमांत शर्मा	–	सदस्य
11. श्री अरविन्द सिंह	–	सदस्य

बैठक की कार्यवाही के प्रारंभ में माननीय अध्यक्ष महोदय ने उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया। तत्पश्चात श्री गुरूपरंपरा पूजन एवं वैदिक मंत्रोच्चार सस्वर पाठ के उपरांत बैठक में विस्तृत विचार विमर्श कर निम्नलिखित निर्णय लिये गये।

पद क्र. 01 विश्वविद्यालय की शोध गतिविधियों एवं शोध परियोजनाओं के संबंध में विचार।

निर्णयः– विश्वविद्यालय द्वारा संचालित शोध गतिविधियों एवं शोध परियोजनाओं पर विचार विमर्श किया गया तथा शोध गतिविधियों को और बढ़ावा देने हेतु प्रेरित किया गया। शासन द्वारा जारी की जाने वाली शोध परियोजनाओं के प्रस्ताव भी प्रेषित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

पद क्र. 02 विश्वविद्यालय के रोजगार परामर्श प्रकोष्ठ (Placement Cell) संबंधी गतिविधयों के संबंध में विचार।

निर्णयः– विश्वविद्यालय में गठित रोजगार परामर्श प्रकोष्ठ (Placement Cell) की विभिन्न गितिविधियों की समीक्षा की गयी तथा सम्बन्धित संयोजक को निर्देशित किया गया कि वे विश्वविद्यालय में अध्ययनरत छात्रों हेतु रोजगार परक संस्थानों से संपर्क कर, रोजगार संबंधीं संभावनाओं की जानकारी प्राप्त करें साथ ही रोजगार मेलों का भी आयोजन करवायें।

मुख्यालयः– ब्रह्मस्थान, करौंदी, पोस्ट–महनेर, जिला–कटनीः–(मध्य प्रदेश)–483332 • फोनः– 9981994424, 9755038115, 9755038542
प्रशासनिक कार्यालयः– लमती, विजय नगर, जबलपुर :–(मध्य प्रदेश)–482002 • फोनः– 0761-2637213, 2637216, 2637217
E-mail :- mmyvvregistrar@gmail.com • Website :- www.mmyvv.com, mmyvvdde.com, फैक्स :- 0761-4071151

महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय

मध्यप्रदेश अधिनियम क्रमांक 37 वर्ष 1995 द्वारा स्थापित एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यू जी सी) की धारा 2(f) के अन्तर्गत सूचीबद्ध

क्रमांक: .... दिनांक: 14/06/2019

पद क्र. 03 विश्वविद्यालय विस्तार कार्यक्रमों के सम्बन्ध में विचार विमर्श।

निर्णयः– 1) विश्वविद्यालय के योग विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के परिप्रेक्ष्य में 15 दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन विश्वविद्यालय एवं विश्वविद्यालय के समीपस्थ 7–गांवों में आयोजित किये जाने की अनुशंसा की गयी।

2) विश्वविद्यालय में दिनांक 27/07/2018 को गुरू पूर्णिमा महोत्सव का भव्य आयोजन करने के सम्बन्ध में अनुशंसा की गयी।

उपरोक्त निर्णय सर्वसम्मति से लिये गये एवं शीघ्र निर्णयों को लागू करने हेतु निर्देशित किया गया।

संयोजक

आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चियन प्रकोष्ठ

आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चयन प्रकोष्ठ
महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय
करौंदी, पोस्ट-महनेर, जिला-कटनी (म.प्र.)

मुख्यालयः- ब्रह्मस्थान, करौंदी, पोस्ट-महनेर, जिला-कटनी:-(मध्य प्रदेश)-483332 • फोन:- 9981994424, 9755038115, 9755038542
प्रशासनिक कार्यालयः- लमती, विजय नगर, जबलपुर :-(मध्य प्रदेश)-482002 • फोन:- 0761-2637213, 2637216, 2637217
E-mail :- mmyvvregistrar@gmail.com • Website :- www.mmyvv.com, mmyvvdde.com, फैक्स :- 0761-4071151